# जन प्रकाशन

सत्य ● साहस ● सरोकार

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित

janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

वर्षः 10 | अंकः 35 | इंदौर | गुरुवार, 23 फरवरी - 01 मार्च 2023 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए




# पूर्व छात्र ने कॉलेज की प्रिंसिपल को जिंदा जलाया

## पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

इंदौर/ जन प्रकाशन

इंदौर में सोमवार को सनसनीखेज घटना सामने आई है। निजी कॉलेज की महिला प्रिसिंपल को पूर्व छात्र ने पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया. घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी फैल गई. लोगों ने पुलिस को वारदात की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि आरोपी संस्थान का पूर्व छात्र है। आग की चपेट में आई प्रिसिंपल बुरी तरह झुलस गई हैं। वारदात की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

इंदौर में एक दिल दहलाने वाली घटना हुई। यहां एक छात्र ने एक महिला प्रिंसिपल को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। प्रिंसिपल बुरी तरह झुलस गयीं। उन्हें गंभीर हालत में तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी छात्र आशुतोष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

महिला प्रिंसिपल को जिंदा जलाने की ये जघन्य घटना सिमरोल थाना इलाके में घटी। यहां स्थित बीएण कॉलेज की प्रिंसिपल को एक सिरफिरे छात्र ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। प्रिंसिपल का नाम विमुक्ता शर्मा है। आग की लपटों में घिरकर प्रिंसिपल बुरी तरह झुलस गयीं। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां विमुक्ता शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है।

### गाड़ी में बैठते ही छात्र ने पेट्रोल फेंका

बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल विमुक्ता शर्मा और छात्र के बीच किसी बात को लेकर कुछ दिन पहले से विवाद चल रहा था। आज भी दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई थी। विमुक्ता शर्मा बीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में प्राचार्य हैं। आज कॉलेज की छुट्टी होने के बाद प्रिंसिपल अपनी गाड़ी में बैठकर घर जाने के लिए रवाना हो रही थीं। बस पहले से ताक में बैठा छात्र अवनीश उनकी ओर लपका और पेट्रोल उन पर फेंककर आग लगा दी। गाड़ी और पेट्रोल होने के कारण आग तेजी से भभक उठी। प्रिंसिपल आग की लपटों में घिर गयीं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अफसर मौके पर पहुंच गए। छात्र आशुतोष को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## पुलिस ने बताई पूरी कहानी

इंदौर के एसपी ग्रामीण भगवत सिंह विरदे ने बताया कि 8वें सेमेस्टर में उसने परीक्षा दी और पास हो गया पर उसे मार्कशीट नहीं मिली। उसके लिए पूर्व में भी उसने विवाद किया था। घटना के बाद उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ग्रामीण ने आगे बताया कि भीम कॉलेज की प्रिसिंपल पर एक पूर्व विद्यार्थी आशुतोष श्रीवास्तव ने पेट्रोल डाल दिया, जिससे वे लगभग 80% जल गईं हैं, उनका इलाज जारी है। जांच में हमने पाया कि आशुतोष श्रीवास्तव नामक छात्र 7वें सेमेस्टर में फेल हो गया था।



### इस बात से नाराज था आरोपी छात्र

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित प्राइवेज कॉलेज के फार्मा विभाग की प्रिंसिपल विमुक्ता शर्मा ( 54 ) छुट्टी के बाद घर जाने के लिए पार्किंग में अपनी गाड़ी लेने पहुंची थीं। तभी कॉलेज का पूर्व छात्र उज्जैन निवासी आशुतोष श्रीवास्तव ( 24 ) हाथ में पेट्रोल का डिब्बा लेकर वहां पहुंचा। इससे पहले कि प्रिंसिपल कुछ समझ पाती, आरोपी ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। प्रिंसिपल के चीख सुनते ही मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों और स्टाफ ने किसी तरह आग के बुझाया और विमुक्ता को अस्पताल में भर्ती कराया।

## संपादकीय

जनप्रकाशन



मनोज चौबे
प्रधान संपादक

# खुशी के लिए 3 चीजें सबसे कीमती; परिवार, दोस्त और सेहत

क्या खुशियों का कोई फॉर्मूला है... क्या उसका कोई पता है? इन दो मुश्किल सवालों का जवाब है आपका मन। खुशी आपके मन में है, उसे बाहर नहीं अंदर तलाशने की जरूरत है। खुशी के बारे में विज्ञान और मनोविज्ञान क्या कहता है... कैसे जीवन ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया है...

### रोज कोई तीन चीजें लिखें, जिसके लिए आप शुक्रगुजार हैं

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मनोविज्ञान के एक प्रोफेसर का कहना है कि कभी सोचा है कि किसी की घोर प्रशंसा महज एक आलोचना करने से क्यों बेकार हो जाती है? अच्छी-भली शानदार लंबी छुट्टियों का मजा आखिरी दिन किसी छोटी-सी बात पर हुए झगड़े से क्यों बर्बाद हो जाता है? खाने के आसपास मंडराती एक मक्खी क्यों बेहतरीन से बेहतरीन खाने का आनंद छीन लेती है? इसकी वजह ये है कि हमारा दिमाग नकारात्मक चीजों को जल्दी नोटिस करता है।

इसका समाधान ये है कि कृतज्ञता जताएं। रोज कोई तीन चीजें लिखें, जिसके लिए आप शुक्रगुजार हैं। इससे आप जिंदगी की सकारात्मक चीजों पर फोकस करने लगेंगे। फिर भी लगे कि जिंदगी में कुछ सकारात्मक है ही नहीं तो 'काउंटरफैक्चुअल थिंकिंग' अपनाएं। इसके लिए 'अगर ये न हो तो' फॉर्मूले का सहारा लें। इसमें आपको खुद से ऐसी चीजें पूछनी हैं, जैसे- अगर सबसे अच्छा दोस्त आपके पास न होता तो? अगर खाने को कुछ नहीं मिलता तो? ऐसे आप महसूस करेंगे कि आपके पास शुक्रिया कहने के लिए कितनी सारी चीजें हैं? हम उन दिनों के लिए कभी शुक्रगुजार नहीं होते, जब बीमार या दर्द में नहीं होते। उन रातों के लिए कभी धन्यवाद नहीं कहते, जब बारिश में सिर पर छत होती है। उन सुबहों के लिए आभार नहीं जताते, जो जिंदगी में नया दिन लाती हैं।


### सोशल मीडिया के झूठे दोस्तों से दूरी और जरूरत से ज्यादा खरीदारी न करें

बच्चों को खुशी का पाठ पढ़ाते-पढ़ाते कब मैं बर्नआउट (काम के तनाव का शिकार) हो गई, पता नहीं चला। उदासी, चिड़चिड़ापन और थकावट जैसे लक्षण दिखने लगे। मैंने ब्रेक लिया और पति के साथ कैम्ब्रिज शिफ्ट हो गई। अगर आप ये सोच रहे हैं कि हैप्पीनेस की प्रोफेसर होने के बावजूद मैं कैसे बर्नआउट हो गई, तो बता दूं कि आप क्या करते हैं? उससे इसका कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी बर्नआउट हो सकता है। मैकेंजी हेल्थ इंस्टीट्यूट सर्वे-2022 के मुताबिक, अमेरिका में करीब 30% कर्मचारी बर्नआउट हैं।

सा.

# आयकर की जगह जायकर क्यों नहीं ?

जनप्रकाशन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक
(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामनों के विशेषज्ञ)
dr.vaidik@gmail.com




हमारे देश में आयकर याने इनकम टैक्स फार्म भरनेवालों की संख्या 7 करोड़ के आस-पास है लेकिन उनमें से मुश्किल से 3 करोड़ लोग टैक्स भरते हैं। क्या भारत-जैसे 140 करोड़ के देश में ढाई-तीन करोड़ लोग ही इस लायक हैं कि सरकार उनसे टैक्स वसूल सकती है? क्या ये ढाई-तीन करोड़ लोग भी अपना टैक्स पूरी ईमानदारी से चुकाते हैं? नहीं, बिल्कुल नहीं! ईमानदारी से पूरा टैक्स चुकानेवाले लोगों को ढूंढ निकालना लगभग असंभव है याने जो टैक्स भरते हैं, वे भी टैक्स-चोरी करते हैं। जो नहीं भरते हैं और जो भरते हैं, वे सब टैक्स-चोर बना दिए जाते हैं। हमारी टैक्स व्यवस्था ऐसी है कि जो हर नागरिक को चोर बनने पर मजबूर कर देती है। हर मोटी आमदनीवाला मालदार आदमी ऐसे चार्टर्ड एकाउंट की शरण लेता है, जो उसे टैक्स चोरी के नए-नए गुर सिखाता है। इस सच्चाई को यदि हमारी सरकारें स्वीकार कर लें तो भारत में टैक्स-व्यवस्था में इतना सुधार हो सकता है कि कम से कम 30 करोड़ लोग टैक्स भरने लगें। देश में 30-40 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें हम मध्यम श्रेणी का मानते हैं। हर मध्यम श्रेणी का नागरिक टैक्स देना चाहेगा लेकिन यदि वह आयकर 10-15 प्रतिशत से शुरु होगा तो उसका पेट भरना भी मुश्किल हो जाएगा। इसकी बजाय आयकर का प्रतिशत एकदम घटा दिया जाए तो इतने ज्यादा लोग टैक्स भरने लगेंगे कि वह 11 लाख करोड़ रू. से कहीं डेढ़ा-दुगुना हो सकता है। लोगों में जिम्मेदारी का भाव भी पैदा होगा और सरकार की जवाबदेही भी बढ़ेगी। आम आदमी पर हमारी नौकरशाही का रोब-दाव भी घटेगा। कई देश ऐसे हैं, जिनमें आमदनी पर कोई टैक्स ही नहीं लगता। कांग्रेसी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वसंत साठे और मैंने लगभग 35 साल पहले एक मुहीम शुरु की थी, जिसमें हमारी मांग थी कि आयकर को खत्म किया जाए और उसकी जगह जायकर लगाया जाए याने आमदनी पर नहीं, खर्च पर टैक्स लगाया जाए। इसके कई फायदे होंगे। पहला तो यही कि टैक्स-चोरी की आदत पर लगाम लगेगी। दूसरा, लोगों के खर्च घटेंगे। उपभोक्तावाद और फिजूलखर्ची घटेगी और बचत बढ़ेगी। तीसरा, आयकर विभाग बंद होगा, जिससे सरकार का करोड़ों रूपया बर्बाद होने से बचेगा। चौथा, नागरिकों का सिरदर्द घटेगा। पांचवां, डिजिटल व्यवस्था के कारण हर खरीदी पर उपभोक्ता का टैक्स तत्काल कट जाएगा। अभी टैक्स-चोरी के बावजूद अकेले गुड़गांव में विभिन्न कंपनियों पर 13 हजार करोड़ रु. का आयकर बक़ाया है। पूरे भारत में इस साल सिर्फ 11 लाख 35 हजार करोड़ रू. का आयकर वसूला गया है। लेकिन इससे कई गुना ज्यादा पैसा चोरी हुआ है और बक़ाया है। यदि आयकर घटे या खत्म हो तो सरकार की आमदनी बढ़ेगी और लोगों को भी राहत मिलेगी।। **ये लेखक के अपने विचार है)**

# 26 फरवरी रविवार को तिथि और वार का शुभ योग

## 13 साल बाद फाल्गुन मास में मनेगी भानु सप्तमी, इसके बाद 2037 में बनेगा ऐसा संयोग

इंदौर/ जन प्रकाशन

फाल्गुन महीने में सूर्य पूजा का महत्व है। ग्रंथों के अनुसार इस महीने सूर्य को विष्णु रूप में पूजना चाहिए। रविवार को सप्तमी तिथि होने से भानु सप्तमी का योग बनता है। जो कि आने वाली 26 फरवरी को बन रहा है। फाल्गुन मास के रविवार को सप्तमी तिथि का योग 13 साल बाद बन रहा है। इससे पहले 21 फरवरी 2010 को ऐसा हुआ था। अब ऐसा संयोग 14 साल बाद यानी 22 फरवरी 2037 को बनेगा। आने वाले रविवार को सूर्य पूजा और व्रत करने का कई गुना पुण्य फल मिलेगा।

### सितारों का शुभ संयोग

इस दिन तिथि, वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है। यानी इस योग में किए गए शुभ फल का तीन गुना फायदा मिलता है। इसके अलावा इंद्र नाम का योग भी रहेगा। वहीं, गुरु अपनी ही राशि और शुक्र उच्च राशि में रहेगा। इन संयोग में किए गए कामों का कई गुना शुभ फल मिलता है।

### विष्णु रूप में सूर्य पूजा

पुरी के ज्योतिषाचार्य ग्रंथों और पुराणों के हवाले से बताते हैं कि फाल्गुन मास में विष्णु रूप में सूर्य की पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से बीमारियां दूर होती है। उम्र बढ़ती है और सफलता मिलती है। पुराणों में सूरज को सूर्य नारायण भी कहा गया है। यानी ये भगवान विष्णु का ही एक रूप हैं। हर हिंदी महीने में अलग-अलग रूप और नामों से सूर्य की पूजा करने का विधान बताया गया है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में सूर्य पूजा करने से जाने-अनजाने में हुए पाप खत्म हो जाते हैं।

### स्नान-दान और सूर्य पूजा से बढ़ता है पुण्य

भानु सप्तमी पर सूरज उगने से पहले तीर्थ में स्नान करने का विधान है। ऐसा न कर पाएं तो घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। फिर उगते हुए सूर्य की पूजा करनी चाहिए। इसके बाद दिनभर व्रत रखने और जरूरतमंद लोगों को दान देने का विधान ग्रंथों में बताया गया है। ऐसा करने से कई गुना पुण्य फल मिलता है। सा.

# 27 फरवरी से शुरू होगा होलाष्टक

इंदौर/ जन प्रकाशन

सोमवार, 27 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो जाएगा और 7 मार्च को होलिका दहन के बाद खत्म होगा। होलाष्टक में भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण के लिए विशेष पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन इन दिनों में विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे शुभ कामों के लिए मुहूर्त नहीं रहते हैं। जो लोग कोई शुभ काम करना चाहते हैं, वे होलाष्टक से पहले या होली के बाद कर पाएंगे। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य के अनसुार होलाष्टक के दिनों में घर की जरूरत का छोटा-बड़ा सामान खरीदा जा सकता है, लेकिन विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे शुभ काम इन दिनों में न किए जाए तो ज्यादा बेहतर रहता है। ये समय पूजा-पाठ के लिहाज से बहुत अच्छा रहता है। अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप करें। ग्रंथों का पाठ करें। हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ कर सकते हैं।

### होलाष्टक से जुड़ी मान्यता

होली भक्त प्रहलाद, होलिका और हिरण्यकश्यपु से संबंधित पर्व है। असुर राज हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को शत्रु मानता था, लेकिन उसका बेटा प्रहलाद विष्णु जी का परम भक्त था। प्रहलाद की भक्ति से गुस्सा होकर हिरण्यकश्यपु ने अपने ही बेटे को मारने की कई बार कोशिश की। होलाष्टक के दिनों में प्रहलाद को हिरण्यकश्यपु ने तरह-तरह की यातनाएं दीं थीं।

होलिका को आग में न जलने का वरदान मिला हुआ था। फाल्गुन पूर्णिमा पर असुर राज की बहन होलिका ने प्रहलाद को मारने के लिए योजना बनाई कि वह प्रहलाद को लेकर आग में बैठ जाएगी तो वह जलकर मर जाएगा, लेकिन विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद तो बच गया, लेकिन होलिका जल गई। बाद में विष्णु जी ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यपु का वध किया था।

होलाष्टक में प्रहलाद को यातनाएं दी गई थीं, इस वजह से इन दिनों में शुभ कामों के लिए मुहूर्त नहीं रहते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि होलाष्टक के समय में नौ ग्रहों में से अधिकतर ग्रहों की स्थिति अच्छी नहीं होती है। इस वजह से इन दिनों शुभ काम टालने की सलाह दी जाती है। कमजोर ग्रह स्थिति में किए गए शुभ काम भी असफल हो सकते हैं।

### होलाष्टक के दिनों में ध्यान जरूर करें

अभी ऋतु परिवर्तन का समय है। ठंड जा रही है और गर्मी आ रही है। इस समय में काफी लोगों का मन काम में नहीं लग पाता है। इसलिए इन दिनों में ध्यान करना चाहिए। ध्यान करने से एकाग्रता बढ़ती है, नकारात्मक विचार खत्म होते हैं। काम में लगने लगता है। सा.

# इंदौर नगर निगम ने सौर ऊर्जा के लिए ग्रीन बॉण्ड जारी कर रचा नया इतिहास- सीएम चौहान

**साँची होगी देश की पहली सोलर सिटी**

**मुख्यमंत्री चौहान ने डंका बजा कर इंदौर नगर निगम के ग्रीन बॉण्ड का शुभारंभ किया**

**इंदौर ने नया इतिहास रच कर अन्य शहरों को दिशा दिखाई**



इंदौर/ जन प्रकाशन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन साधारण खतरे नहीं हैं। यदि इनसे निपटने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले समय में हम जीवन ढूंढते रह जाएंगे। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और इंदौरवासियों ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए ग्रीन बॉण्ड जारी करना कोई साधारण कार्य नहीं है। यह धरती को बचाने का महाअभियान है। ग्रीन एनर्जी की दिशा में इंदौर द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों को देख कर गर्व होता है। मेरे सपनों का शहर इंदौर, दुनिया के सपनों का शहर होगा। इंदौर ने नया इतिहास रचा है और कई शहरों को दिशा दिखाई है। मुख्यमंत्री चौहान इंदौर नगर निगम द्वारा जारी ग्रीन बॉण्ड की नेशनल स्टाक एक्सचेंज में लिस्टिंग के लिए कुशभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश गान के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री चौहान ने बेल रिंगिंग सेरेमनी में गोंग (घण्टा) बजा कर इंदौर नगर पालिक निगम के ग्रीन बॉण्ड की नेशनल स्टाक एक्सचेंज में लिस्टिंग की।

उल्लेखनीय है कि इंदौर शहर की जल आपूर्ति के लिए इंदौर से 90 किलोमीटर दूर खरगोन जिले के जलूद जल संयंत्र से पानी लाने के लिए विद्युत व्यय को कम करने की दृष्टि से इंदौर नगर पालिका निगम द्वारा जलूद में 60 मेगावॉट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उसे क्रियान्वित करने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के उद्देश्य से ग्रीन बॉण्ड के पब्लिक इश्यू जारी कर धन एकत्र करने का निर्णय लिया है।

### कार्बन क्रेडिट से अर्जित हुई 9 करोड़ की आय

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इंदौर लीक से हट कर सोचता है और लीक से हट कर कार्य करता है। इंदौर शहर की सिटी बस सेवा में सीएनजी बसों और इलेक्ट्रिक बसों का समावेश, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन के लिए 126 चार्जिंग स्टेशन तैयार करना,शहर के गीले कचरे के निपटान के लिए संयंत्र स्थापित कर उससे उत्पन्न होने वाली बॉयो सीएनजी का उपयोग सिटी बसों के संचालन के लिए करना, शहर में 100 अहिल्या वन और 4 नगर वन विकसित करना तथा शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पौध-रोपण जैसे उल्लेखनीय कार्य हैं। इन नवाचारों से कार्बन उत्सर्जन को कम कर लगभग 4 लाख कार्बन क्रेडिट अर्जित किए जा चुके हैं। इनकी वैश्विक बाजार में ट्रेडिंग कर 9 करोड़ रूपये की आय अर्जित हुई है। नगर निगम इंदौर ने कार्बन उत्सर्जन को रोकने और कार्बन क्रेडिट अर्जित करने के लिए जो बिजनेस मॉडल बनाया है, वह अन्य निकायों को नए नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह इस तथ्य का भी द्योतक है कि विश्वसनीयता और भरोसा हो तो पैसे की कमी नहीं रहती।

### लाइफ फॉर एन्वायरमेंट के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व को लाइफ अर्थात लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट का मंत्र देकर पर्यावरण-संरक्षण को वैश्विक प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत के लिए तय किए गए पंचामृत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मध्यप्रदेश यथासंभव अपना योगदान देगा। भारत 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाँ चाह होती है वहाँ राह को निकलना ही पड़ता है।

### प्रदेश के महानगर इस वर्ष जारी करेंगे बॉण्ड

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत और स्मार्ट सिटी मिशन के साथ शहरों को अपनी क्रेडिट रेटिंग कराना अनिवार्य किया था, जो म्यूनिस्पिल बांड जारी करने की दिशा में पहला कदम था। इंदौर देश का ऐसा पहला नगर है जिसने राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज में अपने बाण्ड की लिस्टिंग 2018 में करवाई थी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमें इस साल 5 और महानगरों में यह लक्ष्य हासिल करना है। प्रदेश के बेहतर वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता से हम रोड मेप निर्धारित कर अगले 8-10 माह में यह उपलब्धि प्राप्त करेंगे। बांड से राशि प्राप्त होगी तो शहरों के विकास में तेजी आएगी।

### इंदौर सोलर सिटी बनने की दिशा में आगे बढ़े

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि साँची देश की पहली सोलर सिटी होगी। वर्ल्ड हेरीटेज साँची अंतर्राष्ट्रीय सौर दिवस 3 मई को सोलर सिटी बनेगा, जो पर्यावरण को बचाने की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने इंदौर के जन-प्रतिनिधि और अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बड़े शहरों में इंदौर को सौर नगर के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। इंदौर में इस प्रकार की चुनौतियों और नवाचारों को क्रियान्वित करने का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि जनता से संवाद, आवश्यक प्रावधान और व्यवस्थाएँ करते हुए इंदौर इस दिशा में आगे बढ़े।

### प्रदेश की बढ़ती रफ्तार को हम थमने नहीं देंगे

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश आर्थिक प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। हमारा प्रदेश अगला इंडस्ट्रियल हब होगा। आईटी, टेक्सटाईल, खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में प्रदेश में निरंतर गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। वन्य-प्राणी संरक्षण में भी मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएँ हैं, प्रदेश की बढ़ती रफ्तार को हम थमने नहीं देंगे।

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इंदौर एक दौर है जो समय से आगे चलता है। इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में यह सिद्ध कर दिखाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश कार्बन उत्सर्जन कम करने में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। इंदौर नगर निगम की पहल इसी दिशा में एक कड़ी है। सांसद लालवानी ने इंदौर में अमृत -2 योजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

सांसद वी. डी. शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट में नगरीय निकायों द्वारा बांड लाने की अनुशंसा की गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने नेतृत्व में प्रदेश में हर क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के क्रम में इंदौर नगर निगम द्वारा सौर ऊर्जा के लिए किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

### जन-संवाद, जन-भागीदारी और जन-संकल्प होंगे इंदौर के नवाचारों की सफलता के आधार

इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता के लिए इंदौर की सतत् प्रतिबद्धता ने इंदौर की बॉन्ड इमेज को स्थापित किया है। ग्रीन बॉन्ड जैसे नवाचार, जन-संवाद, जन-भागीदारी और जन-संकल्प के साथ इंदौर नगर निगम करता रहेगा। भार्गव में ग्रीन बॉन्ड की अवधारणा और उसके कार्यात्मक पक्ष पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को नेशनल स्टाक एक्सजेंच के चेयरमेन आशीष, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मण्डलोई ने भी संबोधित किया। प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, एसबीआई केपिटल एवं ए.के. केपिटल के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।

## इंदौर जिले में एक मार्च से बैंकों में बदलेगा कार्य समय




इंदौर/ जन प्रकाशन

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी बैंक अधिकारियों और शासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सभी हितग्राही तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के लक्ष्य 11 मार्च तक पूरे कर लिये जायें। इस अवधि में लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रकरण स्वीकृत कर सभी में अनिवार्य रूप से ऋण वितरण हो जाये। उन्होंने यह निर्देश आज यहां सम्पन्न जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक दिये। बैठक में निर्णय लिया गया कि बैंकों में अब एक मार्च से कार्य समय प्रति दिन सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक रहेगा। पूर्व में यह कार्य समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक था।

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने विभिन्न हितग्राही तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर अभय बेडेकर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी वंदना शर्मा, रिजर्व बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर सचिन सुले, एलडीएम सुनील ढाका, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नागेश चौरसिया तथा एफएलसी राजू फतेहचंदानी सहित अन्य अधिकारी और बैंक मैनेजर मौजूद थे।

### बैंकों में प्रत्येक शुक्रवार को मनेगा प्रधानमंत्री स्वनिधि दिवस

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये है कि सभी बैंकों में प्रत्येक शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि दिवस मनाया जाये। इस दिन इस योजना के हितग्राहियों की समस्या सुनकर उनका प्राथमिकता से निराकरण करें। इस दिन इस योजना के हितग्राहियों के ऋण वितरण का कार्य भी विशेष रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऐसे हितग्राही जिन्होंने ऋण लेकर जमा कर दिया है, उन्हें अगली किस्तों का भुगतान स्वतः कर दिया जाये। बैंकों में उन्हें चक्कर नहीं लगवाये जाये।

### बैंक मैनेजर्स और बैंक कर्मी सदव्यवहार और विनम्रता रखें

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक मैनेजर्स और बैंक कर्मी हितग्राहियों और ग्राहकों से सदव्यवहार रखें तथा उनसे विनम्रता के साथ व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा उनका संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं में प्राथमिकता से ऋण वितरित करें।

### स्वसहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करें

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बैठक में कहा कि जिले में गठित स्वसहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये। उन्हें प्रशिक्षण दें। आवश्यकता के अनुसार ऋण दिलाया जाये। उन्होंने कहा समूहों की महिला सदस्यों को उद्यमशीलता तथा दक्षता एवं क्षमता संवर्धन का प्रशिक्षण भी दिलाया जाये। इस दिशा में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में इंदौर जिले में वर्ष 2023-24 की संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। बैठक में बताया गया कि समिति की बैठक आगामी 11 मार्च को पुनः होगी। इस अवधि तक सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कर ली जाये।

## इंदौर जिले की 95 ग्राम पंचायतों में खुलेगी उचित मूल्य दुकानें



इंदौर/ जन प्रकाशन

मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के प्रावधानों के तहत इंदौर जिले की दुकान विहीन 95 ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकानें खोली जायेंगी। दुकाने चलाने हेतु इच्छुक संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक संस्थाएं 25 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन दे सकेंगी। दुकान विहीन ग्राम पंचायतों के नामों की सूची खाद्य विभाग की वेबसाइट https://rationmitra.nic.in पर प्रदर्शित है।

जिला आपूर्ति नियंत्रण एम.एल. मारू ने बताया कि दुकान संचालन की जिम्मेदारी पंजीकृत उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्वसहायता समूह तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति को सौपी जायेगी। मारू ने बताया कि नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। दुकान आवंटन की कार्यवाही संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की जायेगी। शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के संबंध में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु खाद्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जा सकेगा। आपात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन करने, गलत जानकारी देने या अपूर्ण आवेदनों को निरस्त किया जायेगा। इस संबंध में दुकान आवंटन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023 का अनुमोदन

**भोपाल/ जन प्रकाशन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में निवास कार्यालय समत्व भवन में मंत्रि- परिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वालम्बन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार को बनाए रखने एवं महिलाओं की परिवार में निर्णय की भूमिका सुदृढ़ किए जाने के लिए 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023' का अनुमोदन किया।योजना में समय-सीमा में स्वीकृति दिए जाने का प्रावधान रखा गया है।

प्रदेश की 23 से 60 वर्ष आयु के मध्य की विवाहित महिलाओं को योजना के लाभ की पात्रता होगी। प्रत्येक पात्र महिला को उसकी पात्रता अवधि में 1000 रूपये प्रतिमाह के मान से राशि सीधे उसके आधार लिंक्ड बैंक खाते में जमा की जायेगी। किसी परिवार की 60 वर्ष से कम आयु की महिला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में प्रतिमाह 1000 रूपये से कम जितनी राशि प्राप्त हो रही होगी, तो उस महिला को वह राशि प्रदाय कर 1000 रूपये तक राशि की पूर्ति करने का योजना में प्रावधान किया गया है।

योजना में समस्त आवेदन निःशुल्क ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हितग्राही यदि स्वयं उपस्थित होकर 'आवेदन के लिए आवश्यक जानकारी का प्रपत्र' देती है तो उसकी भी प्रविष्टी ऑनलाइन पोर्टल पर करने की व्यवस्था की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना अंतर्गत लगभग एक करोड़ महिला हितग्राहियों को 1000 रूपये प्रतिमाह के मान से राशि खाते में जमा की जाएगी।



### मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम, 2023

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अध्यादेश, 2023 के स्थान पर मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम, 2023 को प्रतिस्थापित किए जाने के संदर्भ में निर्णय लिया।

औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई द्वारा निवेश आशय प्रस्ताव का आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में नोडल एजेन्सी को किया जाएगा। नोडल एजेन्सी द्वारा पूर्ण प्राप्त निवेश आशय प्रस्ताव की अभिस्वीकृति निर्धारित प्रारूप में जारी की जाएगी। एमपी इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल को नोडल एजेन्सी नामांकित किया गया है, जो अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र जारी करेगी। औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में उद्योग स्थापना के संबंध में प्राप्त की जाने वाली विनिर्दिष्ट सेवा, अनुमति, अभिस्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्ति दिनांक से 3 साल अथवा औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई के व्यवसायिक गतिविधि संचालन प्रारंभ किए जाने तक जो भी पहले हो, उन्मुक्त रहेगा। उक्त अवधि समाप्त होने के 6 माह के अंदर आवश्यक अनुमतियाँ, सम्मतियाँ प्राप्त करेगा। जारी अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि में कोई सक्षम प्राधिकारी अधिनियम में वर्णित अनुमतियों के संबंध में निरीक्षण नहीं कर सकेगा। इस अधिनियम में राज्य के पास अधिसूचित क्षेत्रों का चयन करने के प्रावधान होंगे जहाँ यह अधिनियम लागू किया जाएगा। इकाई के प्रारंभ होने के पूर्व इकाई द्वारा आवेदन किए जाने पर संबंधित विभाग अथवा एजेंसी द्वारा आवश्यक होने पर निरीक्षण कर अनुमति एवं सहमति दी जा सकेगी। राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से राज्य स्तरीय साधिकार समिति का गठन कर सकेगी। समिति सक्षम प्राधिकारी एवं औद्योगिक उपक्रमों के साथ समन्वय कर विवाद का मैत्रीपूर्ण हल निकालेगी।

### ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण संशोधन विधेयक-2023

केन्द्र तथा राज्य सरकार के द्वारा अधिनियमित विभिन्न अधिनियमों में संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारियों के द्वारा कार्यवाही की जाती है। इन अधिनियमों के प्रावधानों को decriminalize करने की आवश्कता है। राज्य शासन के कई विभागों द्वारा उनके प्रशासित अधिनियमों तथा नियमों को decriminalize करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में मंत्रि-परिषद ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम 'ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अधिनियम-1996' की धारा 12 के अंत में उल्लेखित प्रावधान को संशोधित कर, प्रतिस्थापित किए जाने के लिए ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक 2023 का अनुमोदन किया। मंत्रि-परिषद ने विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत कर पारित कराने की समस्त कार्यवाही किए जाने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को अधिकृत किया है।

# सीएम चौहान दुर्घटना स्थल और अस्पताल पहुँचे, दुर्घटना को हृदय विदारक बताया

**भोपाल/ जन प्रकाशन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना जिले के प्रवास के दौरान सीधी जिले में हुई बस दुर्घटना की खबर मिलते ही अधिकारियों को दुर्घटना से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करने निर्देश दिए। उन्होंने रात्रि में ही घटना स्थल पहुँचने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री चौहान ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और रीवा में उपचार ले रहे घायल लोगों से हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना हृदय विदारक है। दुर्घटना में दिवंगत व्यक्तियों के परिजन को आर्थिक सहायता देने और घायलों का निःशुल्क उपचार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने देर रात सीधी जिले में हुई दुर्घटना में खड़ी हुई बसों से ट्रक के टकराने से हुई जन-हानि और रेस्क्यू प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रशासनिक अधिकारियों, नागरिकों और घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से दुर्घटना का विवरण जाना। मुख्यमंत्री चौहान रीवा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचार ले रहे दुर्घटना के घायल नागरिकों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और अधिकारियों से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री चौहान के अलावा अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दुर्घटना की जानकारी प्राप्त की। पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, सांसद रीति पाठक और अन्य जन-प्रतिनिधि घटनास्थल और अस्पताल पहुँच कर घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उनके सहयोग के लिए सक्रिय रहे।

### मुख्यमंत्री चौहान देर रात पहुँचे अस्पताल

मुख्यमंत्री चौहान ने देर रात रीवा में अस्पताल जाकर घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और चिकित्सकों को घायलों का अच्छे से अच्छे उपचार करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान के साथ सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने भी घायलों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दुर्घटना में घायल नागरिकों का हालचाल जानने के बाद चिकित्सकों और जन-प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि आवश्यकता होगी तो घायलों के उपचार के लिए रीवा से बाहर भेजने की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों के स्वास्थ्य के बारे में निरंतर जानकारी देते रहें। मुख्यमंत्री ने देर रात घायलों की सहायता के लिए मुस्तैदी से कार्य करने के लिए सभी संबंधितों को धन्यवाद भी दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा सीधी जिले में हुई दुर्घटना में मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रूपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर घायलों के लिए उपचार व्यवस्था के अतिरिक्त 2 लाख रूपये की राशि और साधारण घायलों के लिए एक लाख रूपए की राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए रीवा के बाहर भेजने की आवश्यकता होगी तो उसके लिए उन्हें एअर लिफ्ट कर ले जाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

# श्री खजराना गणेश मंदिर में थेलेसिमिया मरीजों के लिए निःशुल्क दवाई वितरण केंद्र



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

श्री गणपति मंदिर खजराना इंदौर में थेलेसिमिया मरीजों के लिए निःशुल्क दवाई वितरण केंद्र दिनांक 12.09.2022 से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री गणपति मंदिर खजराना इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी. के आदेशानुसार इस कार्य को अभियान के रूप में लिया जाए एवं दानदाताओं के साथ एक बैठक आहुत की जाए जिसमें केंद्र के प्रचार-प्रसार के बारे में कार्य योजना की चर्चा की जाए। इसी तारतम्य में आज 25/02/2023 को खजराना गणेश मंदिर में स्थित कार्यालय के सभागृह में थेलिसिमिया केंद्र के प्रचार-प्रसार एवं आर्थिक पुष्टता हेतु अपर कलेक्टर अभय बेडेकर की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दानदाताओं को थैलेसिमिया क्या है? एवं इससे पीडित बच्चे एवं उनके परिवार को होने वाली परेशानियों के बारे में अवगत कराया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य लोगों में थैलेसिमिया को बीमारी के बारे में अवगत कराना एवं इससे पीड़ित बच्चों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कैसे करायी जाए. था।

बेडेकर ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर, झाबुआ में थेलेसिमिया मरीज ज्यादा है परंतु इन क्षेत्रों में जागरुकता का अभाव है।अपर कलेक्टर बेडेकर द्वारा प्रचार प्रसार को आवश्यकता पर जोर देते हुए वर्तमान में एम.वाय. एच. हॉस्पिटल में मध्यम एवं निम्नवर्गीय परिवारों को निःशुल्क बोनमेरो प्रत्यारोपण उपलब्ध कराये जाने हेतु इंदौर शहर के वरिष्ट दानदाताओं द्वारा रु. 2 करोड़ की दान राशि उपलब्ध कराये जाने का जिक करते हुए गणपति मंदिर खजराना में दानदाताओं द्वारा दान दिए जाने की अपील की।

इस मीटिंग में चौइथराम हॉस्पिटल की डॉ. शिवानी पटेल, हेमेटोलॉजिस्ट ने उपस्थित लोगों को थैलेसिमिया एवं उसकी रोकथाम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। गौरीशंकर मिश्रा द्वारा गणपति मंदिर समिति के द्वारा संचालित थैलेसिमिया केंद्र के बारे में जानकारी दी एवं बैठक में आये सभी गणमान्य समाजसेवी, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुजारीगण का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

धनश्याम शुक्ला द्वारा इस केंद्र के प्रचार प्रसार हेतु इंदौर टॉक चैनल के आशीष तिवारी को आमंत्रित किया एवं केंद्र के प्रचार प्रसार हेतु डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रचार किए जाने वाली रूपरेखा से अवगत कराया गया एवं उनसे अपील की गई कि इस कार्य को डिजिटल दुनिया में जन अभियान के रूप में प्रचारित एवं प्रसारित करें। प्रवासी भारतीयों में भी प्रचार-प्रसार एवं दान की जाने की अपील की जानकारी से अवगत कराया।

पं. अशोक भट्ट द्वारा सभा को संबोधित करते हुए समस्त दान दाताओं से अपील की जिस तरह से मंदिर द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र में दानदाताओं द्वारा अभूतपूर्व सहयोग दिया गया है वैसे ही थैलेसिमिया के लिए दान दिए जाने एवं केंद्र को आर्थिक रूप से पुष्ट करने का आग्रह किया। इस सभा के दौरान अरुण चौखानी अजीवन सदस्य अन्नक्षेत्र द्वारा थैलेसिमिया केंद्र के लिए तत्कान रु 51000/- एवं भरत गुप्ता जी द्वारा रु 11111/- की राशि चैक द्वारा दी गई। सुठी बाई ट्रस्ट के बालकृष्ण अग्रवाल जी रु 111000/- की दान राशि एवं कुलभूषण मित्तल, वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा रु 100000/- का दान दिए जाने की घोषणा की गई।

इस अवसर पर पं. जयदेव महाराज जी पं. विनीत भट्ट, टी.चोइथराम हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉ. अनिल लखवानी, डॉ. शिवानी पटेल, डॉ. प्रीति मालपानी, एम. वाय. एच. हॉस्पिटल एवं थैलेसिमिया एण्ड सिकलसेल सोसायट ऑफ इंदौर के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज करायी। थैलेसिमिया मरीज जीवेश वाघवानी के मेडिकल कॉलेज भोपाल में चयन होने पर करतल ध्वनि से सम्मान किया गया।

# औद्योगिक, उच्चदाब बिजली मांग में जोरदार वृद्धि

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

पश्चिम मप्र के तहत सभी जिलों में औद्योगिक, उच्चदाब बिजली की मांग में जोरदार बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इसी के अनुरूप औसतन प्रतिमाह लगभग 14 करोड़ यूनिट बिजली का ज्यादा वितरण हो रहा है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि औद्योगिक, उच्चदाब बिजली की मांग में इंदौर शहर, इंदौर जिले के साथ ही इंदौर संभाग, उज्जैन संभाग में बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले वर्ष जनवरी की तुलना में जनवरी 23 में करीब चौदह करोड़ यूनिट बिजली की इन इकाइयों, उपभोक्ताओं को ज्यादा बिजली वितरित हुई है। इंदौर शहर, राऊ, महू, सांवेर रोड, पीथमपुर, देवास आदि क्षेत्रों में भी नई इकाइयां स्थापित होने से उच्चदाब बिजली की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। तोमर ने बताया कि पिछले एक माह के दौरान औद्योगिक, उच्चदाब उपभोक्ताओं को 65 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली का वितरण हुआ है। वहीं पिछले बारह माह के दौरान इन इकाइयों को कुल 673



करोड़ यूनिट बिजली प्रदान की गई है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि उच्च बिजली मांग वर्ग के इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन, नियामक आयोग के आदेशानुसार पॉवर फैक्टर, प्राम्प्ट पैमेंट, रात्रिकालीन बिजली उपयोग, केप्टिव, नए कनेक्शन की विशेष छूट, ऑन लाइन छूट, ग्रीन फील्ड छूट आदि प्रदान की जा रही है। प्रतिमाह औसत 60 करोड़ रूपए से ज्यादा की छूट राशि का भुगतान संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक तोमर ने बताया कि वर्तमान में औद्योगिक, उच्चदाब कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 4200 तक पहुंच गई है।

### बिजली व्यवस्था से खुश हैं उद्योग संचालक

नेमावर रोड पर उद्योग संचालित करने वाले संदीप बड़जात्या का कहना हैं कि आपूर्ति अच्छी है, हमें बिजली कंपनी का पूरा सहयोग मिलता है, पॉवर फैक्टर छूट भी नियमित मिल रही है।

उद्योग संचालक आयुष दुबे ने बताया कि नेमावर रोड पर फैक्ट्री संचालित करता हूं। बिजली व्यवस्था से संतुष्ट हूं, मुझे फैक्ट्री के कनेक्शन पर नियमानुसार छूट दी जाती है।

बीआरजी इंडस्ट्रीयल पार्क में नई इकाई स्थापित करने वाले डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि नए कनेक्शन के लिए सारी कार्य बिजली कंपनी ने आसानी से किया। व्यवस्था तारीफे काबिल है।

# भक्ति भाव में डूबे शिवराज ने गाया भजन झूम उठे श्रद्धालु

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सांवेर पहुँचकर अयोध्या के संत प्रेम भूषण महाराज द्वारा कही जा रही राम कथा का श्रवण किया। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री चौहान सांवेर पहुँचे थे। कथा श्रवण के पश्चात मुख्यमंत्री चौहान ने भक्ति भाव से परिपूर्ण ऐसा भजन गाया कि भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भी झूम उठे। उन्होंने कहा कि ''राम भजन सुखदायी, जपो रे मेरे भाई'' भजन, उन्होंने बचपन से ही अपनी दादी माँ से सुना था जो आज भी उन्हें प्रेरणा से भर देता है।



मुख्यमंत्री चौहान ने कथा स्थल पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन किया और महाराज का वंदन भी किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच जाकर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोम रोम में राम हैं, सकल विश्व में वही समाए हुए हैं। हर आत्मा में परमात्मा का अंश है। हमारा भारत वर्ष विश्व के कल्याण की भावना में चलता है। मुख्यमंत्री चौहान ने ईश्वर प्राप्ति के भक्तिमार्ग और ज्ञान मार्ग के साथ-साथ कर्म मार्ग की भी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने निर्धारित दायित्वों का शुचिता से निर्वहन करें तो यह जगत सुंदर और कल्याण से परिपूर्ण हो जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अच्छे कर्मों से भी ईश्वर मिलते हैं। उनके मन में लाड़ली लक्ष्मी के बाद लाड़ली बहना योजना बनाने और क्रियान्वित करने का विचार भी ईश्वर की प्रेरणा से आया है। उन्होंने कहा कि बहनें कई बार आर्थिक दिक़्क़त में रहती हैं, उन्हें छोटी-छोटी सी राशि के लिए भी तरसना पड़ता है। राखी में भाई, बहन को उपहार देता है। उनके मन में भी ख़याल आया कि मुख्यमंत्री होते हुए वे भी प्रदेश की बहनों के भाई है और लाड़ली बहना के रूप में वे अपने भाई होने का कर्तव्य निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और उनके परिवार को सांवेर में ऐसा भक्तिमय वातावरण निर्मित करने के लिए साधुवाद भी दिया। मुख्यमंत्री चौहान आज की कथा समापन पर व्यास पीठ की आरती में भी शामिल हुए। कथा के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में भक्त श्रोतागण उपस्थित थे।

# कचरे की पहाड़ी में लगी भीषण आग: बायो सीएनजी प्लांट सुरक्षित



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

देवगुराडिया स्थित एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट से लगी कचरे की पहाड़ी पर अचानक आग लग गई। आग कचरे में इतनी जल्दी फैली कि इसे रोकना मुश्किल हो गया। इस दौरान कई किलोमीटर तक आग के गुबार देखे गए। आग की वजह से लगे चक्का जाम में मरीजों तक को ले जा रही एंबुलेंस भी फंसी रही।

### आग बुझाने में करनी पड़ी भारी मशक्कत

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर तीन बजे करीब इंदौर के पास स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में अचानक आग लग गई। देवगुराड़िया की पहाड़ी के पास बायो सीएनजी प्लांट के करीब लाखों टन कचरे की पहाड़ी में आग लगते ही पूरे इलाके में इसकी दुर्गंध फैल गई।

इंदौर शहर से धुआं दिखा तो लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम के टैंकर और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसके बाद आग पर पानी डालकर उसे बुझाने की कोशिश शुरू की गई। लेकिन हवा से फैल चुकी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। धुआं इतना अधिक था कि कई किमी दूर से दिखाई दे रहा था। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में एक पोकलेन मशीन भी आ गई।

### नेमावर रोड पर घंटों लगा रहा जाम

इस दौरान अफरातफरी के कारण नेमावर रोड पर घंटों तक जाम की स्थिति बन गई। इसमें दो अलग-अलग मरीजों को ले जा रही दो एंबुलेंस भी फंस गईं। इस कारण मरीजों को ले जाने के लिए परिजन परेशान हो गए। जानकारी के अनुसार, जिस समय यह आग लगी, उसी समय इंदौर निगम महापौर और कमिश्नर सहित अधिकारी कमरे में बैठक कर रहे थे। लेकिन, किसी भी अधकारी ने द्वारा मौके पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझा।

### मीडियाकर्मियों को भी कवरेज करने से रोका

आग की सूचना पर जब मीडियाकर्मी भीषण आग की कवरेज पर जब पहुंचे तो वहां मौजूद सिटी चीफ और उनके साथियों ने मीडियाकर्मियों को अंदर प्रवेश कर कवरेज करने से रोक लगा दी। जब उनसे निगम की बड़ी लापरवाही के चलते लगी आग के बारे में मीडियाकर्मियों ने जानकारी लेना चाही तो वे वरिष्ठ अधिकारियों का हवाला देते रहे। लापरवाही छुपाने के लिए नगर निगम कर्मियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के गेट तक को बंद कर दिया।

# बवाल के बाद कुमार विश्वास ने रामकथा की शुरुआत क्षमा के साथ की



**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

मंगलवार को कालिदास अकादमी में अपने-अपने राम विषय पर बोलते हुए आरएसएस को अनपढ़ बोलने से मचे बवाल पर बुधवार को कवि कुमार विश्वास ने रामकथा की शुरुआत क्षमा के साथ की। उन्होंने कहा कि हमें विषवमन नहीं करना चाहिए। मेरे माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा के लिए लड़ने वाले जो युवा तैयार हो रहे हैं, उनका मनोबल कमजोर न करें। बुधवार को शंकर के राम विषय पर कवि कुमार विश्वास ने रामकथा के प्रसंग सुनाए। रामकथा शुरू करने के पहले कुमार विश्वास ने कहा कि कथा में मन का विकार दूर करके बैठे। अगर कोई आपके घर आता है तो आप घर को साफ सुथरा बनाते हैं, गंदगी को घर से दूर करते हैं, इसलिए रामकथा में मन के विकार को दूर करके आना चाहिए।

राम के विषय में उन्होंने कहा कि राम किसी एक धर्म के नहीं हैं, वे तो समूची मानव जाति के हैं, पूरे विश्व के हैं। मंथरा के कैकयी की मति मलिन की थी। अगर बाहर का कोई कहे कि आपके परिवार का कोई आपके खिलाफ है तो परिवार में कोई अपने खिलाफ नहीं है। बाहर वाला परिवार के खिलाफ है। उस बाहर वाले से दूर हो जाओ।

बीते एक हजार वर्ष में सनातन संस्कृति के नुकसान पर उन्होंने कहा कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि एक हजार वर्ष में लोग आक्रमण करते रहे और हम परास्त होते रहे। इसका कारण यह है कि हमारे ही अपने लोग ऐसे थे, जो ऐसे लोगों के लिए दरवाजे खोल देते थे। राम तो श्राप को भी वरदान बना देते थे। कुछ संस्कृति ऐसी है कि वहां प्रश्न किया जाए तो गला काट देते हैं। हमारे सनातन संस्कृति में प्रश्न भी किए जाते हैं। विदेश की एक कथा है कि दो लोगों ने फल देखा और खा लिया, तो उन्हें स्वर्ग से निकाल दिया गया और हमारे यहां एक बच्चा सूर्य को फल समझ कर खा लेते हैं तो किसी ने उन्हें कोई श्राप नहीं दिया। हमारे सनातन धर्म का अनर्गल प्रचार किया जा रहा है। हमारे यहां महर्षि अगस्त्य ने बिजली बनाई, ऋषि कणाद ने परमाणु के बारे में बताया। श्रीरामचरितमानस के विषय पर उपजे विवाद पर कुमार विश्वास ने कहा कि श्रीरामचरितमानस का नाम तो शिव ने दिया था।

# इंदौर की कान्ह एवं सरस्वती नदी को स्वच्छ करने के लिए केन्द्र से 511 करोड़ स्वीकृत

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

देशभर में करीब 1,200 करोड रुपए की अलग-अलग परियोजनाएं मंजूर हुई है जिसमें सबसे ज्यादा 511 करोड़ रुपए इंदौर को मिले है। नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत गंगा में मिलने वाली नदियों को प्रदूषण को मुक्त करने की कोशिश सरकार कर रही है।

इंदौर की जिस नदी में कभी लोग तैरते थे, होलकर राज में उसमें हाथी नहाते थे, वह सीवरेज मिलने के कारण नाले में तब्दील हो गई है,लेकिन अब फिर कान्ह सरस्वती नदी का पुराना स्वरुप लौटाने की कवायद हो रही है। दोनो नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार ने 511 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।



कान्ह सरस्वती नदी उज्जैन के समीप शिप्रा में जाकर मिलती है और शिप्रा चंबल में समाती है। चंबल नदी यमुना नदी में और यमुना आगे जाकर गंगा नदी में मिलती नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत इंदौर की कान्ह एवं सरस्वती नदी को स्वच्छ करने के लिए केंद्र सरकार से 511 करोड रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि देशभर में करीब 1,200 करोड रुपए की अलग-अलग परियोजनाएं मंजूर हुई है जिसमें सबसे ज्यादा 511 करोड़ रुपए इंदौर को मिले है। नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत गंगा नदी को स्वच्छ करने के लिए गंगा में मिलने वाली नदियों को प्रदूषण को मुक्त करने की कोशिश सरकार कर रही है।

### सिंहस्थ में भी मिलेगा फायदा

छह साल बाद उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ में भी कान्ह और सरस्वदी नदी को प्रदूषण से मुक्त करने का फायदा मिलेगा,क्योंकि शिप्रा नदी को कान्ह नदी ही सबसे ज्यादा प्रदूषित करती है। केंद्र सरकार से मिलने वाली इस राशि से ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे और नदी में मिलने वाले सीवरेज को सीधे ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। अभी नगर निगम सीमा में कुछ हिस्सों में नाला टेपिंग नगर निगम ने की है, लेकिन नगर निगम सीमा के बाहर की कॉलोनियां फिर नदी को प्रदूषित कर रही है।

इस प्रोजेक्ट में लसुड़िया, भानगढ़, सांवेर तक ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर नदी को प्रदूषण मुक्त करने की योजना बनाएगी। कान्ह एवं सरस्वती नदियों में प्रदूषण कम करने के लिए इंदौर नगर निगम ने भी एक प्रस्ताव भेजा है एवं इंदौर शहर की अभ्यास मंडल जैसी सामाजिक संस्थाएं भी इस विषय में लगातार सक्रिय है और उन्होंने पत्राचार भी किया है।

# इंदौर जिले में दंबगों से मुक्त कराई गई 15 पट्टेदारों की 2 करोड़ 80 लाख रूपये मूल्य की जमीनें- पट्टेदारों को दिलाया गया कब्जा

## जिला प्रशासन के अमले द्वारा प्रभावी कार्रवाई।

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर जिले में भू-माफियाओं तथा शासकीय और अन्य जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले दबंगों के विरूद्ध कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज जिला प्रशासन के अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देपालपुर विकासखंड के ग्राम काकवा में 15 पट्टेदारों की भूमि को दबंगों से मुक्त कराया गया है। लगभग 12.500 हेक्टेयर भूमि का कब्जा अतिक्रमण मुक्त कराकर पट्टेदारों को कब्जा सौपा गया है। इस भूमि की कीमत लगभग 2 करोड़ 80 लाख रूपये है।

अपर कलेक्टर अभय बेड़ेकर ने बताया कि यह कार्रवाई देपालपुर के अनुविभागीय अधिकारी रवि वर्मा, तहसीलदार भास्कर गाचले द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टी के साथ की गई। बताया गया कि शासकीय पट्टेदार श्रवण पिता राकेश, सीताराम पिता किशन, संतोष पिता रतन, अर्जुन पिता नाथु, हुकुम पिता ब्रजलाल, मदन पिता देविसिंह, पीरा पिता बुधाजी, मदन पिता उमराव, भंवर पिता मलय, मायाबाई पति अंबाराम, विक्रम पिता



शंकर, कलाबाई पति मोतीराम को ग्राम काकवा तहसील देपालपुर स्थित भूमि सर्वे नंबर 242 पर शासकीय पट्टे दिये गए थे, जिस पर रतन पिता मांगीलाल, हुकुम पिता मांगीलाल, बाबुसिंह पिता मांगीलाल द्वारा पट्टेदारों की भूमि पर दंबगता से कब्जा कर उन्हें बेदखल कर दिया गया था। पट्टेदारों द्वारा कलेक्टर इन्दौर के समक्ष वापस कब्जा दिलाये जाने बाबद निवेदन किया गया था। जिस पर तहसीलदार देपालपुर के न्यायालय में प्र0क्र0 0001 / अ-70 / 2021-22 दर्ज किया जाकर दिनांक 10 मई 2022 को कब्जा पट्टेदारों को वापस दिलाये जाने बाबद आदेश पारित किया गया था। अनावेदकों द्वारा उसकी अपील अनुविभागीय अधिकारी देपालपुर में की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी देपालपुर द्वारा भी तहसीलदार देपालपुर का आदेश स्थित रखा गया। पट्टेदारों को मौके पर कब्जा दिया जाने के आदेश भी दिये गए। राजस्व अमले द्वारा दो-तीन बार पट्टेदारों को मौके पर कब्जा दिलाने का आदेश दिया गया है। साथ ही साथ पट्टेदारों द्वारा उच्च न्यायालय में भी रिटपीटीशन क्रमांक 3346 लगाई जिसमें आदेश दिनांक 15 फरवरी 2023 को उच्च न्यायालय द्वारा भी अनुविभागीय अधिकारी देपालपुर के आदेश के पालन के निर्देश दिये गए।

उपरोक्त आदेशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी देपालपुर रवि वर्मा, तहसीलदार देपालपुर भास्कर गाचले द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त कार्रवाई कल बुधवार 22 फरवरी 2023 को की गई। ग्राम काकवा में मौके पर 15 पट्टेदारों को दंबगों के कब्जे से छुडवाकर लगभग 12.500 हेक्टेयर भूमि का कब्जा अतिक्रमण हटवाकर दिया गया। जिसकी भूमि की अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ अस्सीलाख होती है।

# महिदपुर में विकास यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री





**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को महिदपुर में आयोजित विकास यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हैलीपेड पहुंचने के बाद विकास रथ पर सवार हुए। विकास यात्रा महिदपुर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी सभी का आत्मीय अभिवादन किया। इस दौरान विकास यात्रा रथ में वित्त मंत्री एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक महिदपुर बहादुर सिंह चौहान, बहादुर सिंह बोरमुंडला एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्वास्थ्य सेवाओं से हुआ दिव्यांश की सेहत में सुधार

**उज्जैन/ जन प्रकाशन**



उज्जैन शहर के नागझिरी देवास रोड़निवासी दुर्गेश व उनकी पत्नी निकिता अपने तीन माह के बेटे दिव्यांश को जन्म से ही अत्यंत कमजोर होने के कारण मातृ एवं शिशु चिकित्सालयचरक भवन लेकर आये।यहां पर चिकित्सक द्वारा जांच कर बताया कि दिव्यांश को अस्पताल में भर्ती कर उपचार की आवश्यकता है। यह बेहद कमजोर है। उसका वजन मात्र दो किलो 50 ग्राम है, जो इसी उम्र के बच्चों की तुलना में अत्यंत कम है। यह कुपोषण के लक्षण हैं। चिकित्सक द्वारा समझाने पर दिव्यांश के माता-पिता उसे भर्ती कराने के लिए मान गये।

चिकित्सक द्वारा दिव्यांस को चरक भवन मे संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र मे भर्ती किया गया, जहां पर दिव्यांश की आवश्यक जांच करवाई एवं उपचार प्रारंभ किया। पोषण पुनर्वास केन्द्र मे डॉ.आयुषी चौहान, पोषण प्रशिक्षक सोनल ठाकुर एवं स्टाफ की निगरानी व उचित देखभाल के फलस्वरूप दिव्यांश कुपोषण से मुक्त हो सका। उसका वजन दो किलो 450 ग्राम हो गया। दिव्यांश के माता-पिता अब खुश हैं कि उनका बेटे का कुपोषण दूर हो सका।

## मंत्री मोहन यादव ने विकास यात्रा के दौरान लगभग 15 करोड़ रु. की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया



**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव निरन्तर विकास यात्रा के दौरान गुरूवार 23 फरवरी को उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी विस्तार से दी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। सर्वप्रथम ग्राम लिंबापिपल्या में पानी की टंकी, नाली निर्माण आदि का भूमिपूजन किया। उच्च शिक्षा मंत्री लिंबापिपल्या के बाद ग्राम कांकरिया चिराखान, लेकोड़ा, अजराना में भी विकास यात्रा के दौरा कई कामों का भूमिपूजन किया। विकास यात्रा के दौरान उन्होंने पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र आदि वितरित किये। लाड़ली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत भी लाड़लियों को आश्वासन-पत्र वितरित किये। इसके बाद ग्राम टकवासा में भी विकास यात्रा निकाली गई। विकास यात्रा के दौरान जिला पंचायत सदस्य शोभाराम मालवीय, रवि वर्मा आदि जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# डिलेवरी के दौरान प्रसूता की मृत्यु होने तथा बगैर अनुमति के नर्सिंग होम संचालित करने पर एक निजी नर्सिंग होम के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने कहा है कि जिले में डिलेवरी के दौरान किसी भी प्रसूता की मृत्यु होने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। डिलेवरी के दौरान प्रसूता की मृत्यु की हर घटना को गंभीरता से लेकर उसकी जाँच कराई जायेगी। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने विगत माह एक निजी नर्सिंग होम में डिलेवरी के दौरान प्रसूता की हुई मृत्यु की घटना पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराने और बगैर अनुमति के हास्पिटल संचालित करने पर उसे सील्ड करने के निर्देश दिये। यह कार्यवाही मूसाखेड़ी स्थित मदर केयर हॉस्पिटल के विरूद्ध की जायेगी।

कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की अध्यक्षता में आज यहां जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर अभय बेडेकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सेत्या, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूर्णिमा गड़रिया सहित अन्य अधिकारी और चिकित्सक मौजूद थे। बैठक में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु, मातृ स्वास्थ्य प्रगति,शिशु स्वास्थ्य प्रगति एनआरसी, दस्तक अभियान, टीकाकरण प्रगति, आर.बी.एस.के. प्रगति, कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, अन्धत्व कार्यक्रम,मलेरिया कार्यक्रम, क्षय उन्मुलन कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, आयडीएसपी, आयुष्मान भारत कार्यक्रम,सिविल कार्यो की प्रगति,एनएचएम वित्तिय प्रगति की समीक्षा की गई।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जाये। इसके लिये हर जरूरी सुविधाएँ एवं इंतजाम सभी शासकीय अस्पतालों में सुनिश्चित किये जायें। प्रसूति के दौरान किसी भी प्रसूता एवं नवजात शिशु की मृत्यु की घटना को गंभीरता से लिया जायेगा। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डिलेवरी के दौरान मृत्यु होने पर तुरंत जांच करायी जायेगी। जाँच में दोषी चिकित्सकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हर एक मृत्यु हमारे लिये दुः,खद है। हम सबका सर्वोच्च दायित्व है कि हर किसी की जान को बचाया जाये।

### एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने डिलेवरी के दौरान प्रसूता की मृत्यु में लापरवाही पाये जाने एवं बगैर अनुमति के नर्सिंग होम संचालित करने पर मदर केयर हॉस्पिटल मूसाखेड़ी को तुंरत सील्ड करने एवं एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। इस संबंध में लापरवाही पाये जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जोनल ऑफिसर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये।

### आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरु होगी

आशा कार्यकताओं के रिक्त पदो की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिये गये। आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया मे उदासिनता बरतने पर डीपीएमएवं सभी एपीएम को शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिये गये। निर्देश दिये गये कि भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाये।

### सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान

जिले में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मरम्मत एवं निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाये। इस अभियान के तहत ऐसे कार्य करवाये जिससे मरीजों तथा उनके परिजनों को उसका लाभ मिले। उपयोगी कार्य हो। अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं के परिसरों तथा शौचालयों में पूर्ण सफाई तथा स्वच्छ रहे। कायाकल्प के लिये जन सहयोग भी लेवें। कराये गये कार्यों का दस्तावेजीकरण भी हो। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक अब नियमित प्रत्येक माह अंतिम शनिवार को होगी।

### गर्भवती महिलाओं की नियमित जाँच के निर्देश

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये कि सभी गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाये। इन महिलाओं की प्रसव पूर्व सभी जाँचें सुनिश्चित की जायें। महिलाओं का नियमित फॉलोअप करते रहें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस कार्य में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।




# जडेजा बने नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर एंडरसन नंबर-1 गेंदबाज

एजेंसी/ मुंबई

आईसीसी ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। बुधवार को जारी रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा नंबर-1 पोजिशन पर पहुंच गए हैं। वहीं, 1,466 दिन से गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से नंबर-1 बॉलर का ताज छिन गया है। अब इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन दुनिया के नंबर-1 बॉलर बन गए हैं। वे बॉलिंग रैंकिंग के टॉप पर पहुंचने वाले दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। बॉलिंग रैंकिंग भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। एंडरसन ने 87 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। 40 साल और 207 दिनों की उम्र में शीर्ष पर पहुंचने वाले एंडरसन 1936 में ऑस्ट्रेलिया के क्लेरी ग्रिमेट के बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज हैं। एंडरसन छठीं बार दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हैं।

ताजा रैंकिंग में रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स में नंबर-1 और गेंदबाजी में नौवें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में जडेजा के 460 रैंकिंग पॉइंट हैं, जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा के नाम 763 अंक हैं। वहीं, बॉलिंग रैंकिंग के नंबर-1 पर काबिज होने वाले एंडरसन के पास 866 रैंकिंग पॉइंट हैं। जबकि पैट कमिंस 858 अंक लेकर नंबर-3 पर आ गए हैं।

### अश्विन नंबर-2 पर आए

ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के दूसरे पायदान पर आ गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में अश्विन को एक अंक का फायदा मिला है। अब उनके 864 रैंकिंग पॉइंट हो गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर रैंकिंग में अश्विन 376 अंक लेकर जडेजा का पीछा कर रहे हैं। अक्षर पटेल दो पायदान ऊपर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अब तक 158 रन बनाए हैं और दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।




### रोहित शर्मा 7वें नंबर पर आए

बैटिंग रैंकिंग की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नंबर-7 पर आ गए हैं। उनके 777 अंक हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली (665 अंक) टॉप-20 में काबिज तीसरे भारतीय हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (781 अंक) नंबर 6 पर हैं।

# सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी टीम इंडिया



एजेंसी/ मुंबई

वीमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम ने बीती 20 फरवरी, सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ 5 रनों से जीत (डकवर्थ लुईस नियम के तहत) दर्ज कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया था। टूर्नामेंट में 4 में से 3 मैच जीत कर टीम इंडिया अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर मौजूद है। भारतीय टीम अब तक इस विश्व कप में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज़ और आयरलैंड को हरा चुकी है। वहीं टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 11 रनों से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा फाइनल

भारतीय टीम ग्रुप-ए में टॉप पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप में 4 जीत के साथ अव्वल नंबर पर मौजूद है। कंगारू टीम ने अब तक विश्व कप में कोई भी मैच नहीं गंवाया है। टीम ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 97 रनों से, बांग्लादेश के खिलाफ 8 विकेट से, श्रीलंका के खिलाफ 10 विकेट से और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 विकेट से जीत दर्ज की है।

### ग्रुप-ए में तय नहीं हुआ दूसरा सेमीफाइनलिस्ट

ग्रुप-बी में इंडिया और इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। लेकिन ग्रुप-ए में अभी ऑस्ट्रेलिया के अलावा दूसरी सेमीफाइनलिस्ट तय नहीं हो पाई है। ग्रुप-ए में न्यूज़ीलैंड और साउथ अफ्रीका सेमीफाइनलिस्ट बनने की लिस्ट में शामिल हैं।

न्यूज़ीलैंड ने 4 में से दो मैच जीते हैं। वहीं साउथ अफ्रीका 3 में से 1 मैच जीत सकी है। साउथ अफ्रीका अपना अगला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। अगर इस मैच में अफ्रीका जीत दर्ज कर लेती है, तो न्यूज़ीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच नेट रन रेट के फासले से सेमीफाइनलिस्ट तय होगा। वहीं अगर साउथ अफ्रीका अपना आखिरी मैच हार जाती है, तो न्यूज़ीलैंड सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी और इंग्लैंड के खिलाफ 24 फरवरी, शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल खेलेगी।

## मनोरंजन

# 'हेरा फेरी 3' की शूटिंग हुई शुरू



एजेंसी/ मुंबई

बॉलीवुड फिल्में 'हेरा फेरी' और फिर 'हेरा फेरी' को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म की लोग काफी समय से डिमांड कर रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'हेरा फेरी 3' (Hera Pheri 3) को लेकर काफी खबरें आईं। फिल्म 'हेरा फेरी 3' अपनी स्टारकास्ट को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रही है। खबरों में दावा किया गया कि फिल्म में अक्षय कुमार की जगह कार्तिक आर्यन को लिया गया है। वहीं, अक्षय कुमार ने भी स्पष्ट कर दिया था कि वह फिल्म स्क्रिप्ट से संतुष्ट नहीं थे इसलिए खुद को इससे दूर कर लिया। अब फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म 'हेरा फेरी 3' की शूटिंग शुरू हो गई है और फिल्म में पुरानी स्टारकास्ट अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल नजर आएंगे।

### 'हेरा फेरी 3' का डायरेक्शन नहीं करेंगे अनीष बज्मी

'ईटाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। मुंबई के फिरोज नाडियाडवाला के एम्पायर स्टूडियो में फिल्म में शूटिंग शुरू हुई है। फिल्म का डायरेक्शन अनीष बज्मी नहीं कर रहे हैं। फिल्म 'हेरा फेरी 3' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी फरहाद सामजी को दी गई है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि अक्षय कुमार के फिल्म में कैसे लौटे हैं, इसको लेकर जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार के लिए फिल्म 'हेरा फेरी 3' में कुछ बदलाव किए गए हैं।

### 'हेरा फेरी 3' में नजर नहीं आएंगे कार्तिक आर्यन

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि फिल्म 'हेरा फेरी 3' में कार्तिक आर्यन नहीं नजर आएंगे। कहा जा रहा ता कि वह फिल्म में अक्षय कुमार के रोल निभाने वाले हैं। सुनील शेट्टी ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर कहा था कि शायद कुछ हेरा फेरी हुई थी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि ये सब कैसे हुआ। इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि अक्षय कुमार को वापस लाने में फिरोज नाडियाडवाला और सुनील शेट्टी का योगदान है। फिल्म 'हेरा फेरी 3' अक्टूबर, 2023 से शुरू होने वाली थी। वहीं, अभी तक फिल्म की फीमेल कास्ट फाइनल नहीं हुई है।

# चोरी-छिपे फोटो खींचे जाने पर भड़कीं आलिया

एजेंसी/ मुंबई

आलिया भट्ट ने बीती रात यानी मंगलवार को इंस्टाग्राम के जरिए मीडिया को खरी खोटी सुनाई। इसके साथ ही उन्होंने एक पब्लिकेशन पर अपनी प्राइवेसी में दखल देने का आरोप भी लगाया। दरअसल एक पब्लिकेशन ने आलिया की लिविंग रुम में बैठे हुए फोटोज शेयर की थी, जिसे देखने के बाद आलिया भड़क गईं।

### किस दुनिया में ऐसा किसी के साथ करना ठीक है?

आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, 'क्या आप मेरे साथ मजाक कर रहे हैं? मैं अपने घर पर थी और एक साधारण सी नॉर्मल दोपहर बिता रही थी। मैं अपने लिविंग रूम में बैठी थी कि मुझे लगा कि कोई मुझे देख रहा है। मैंने देखा कि दो शख्स मेरे पड़ोसी की बिल्डिंग से मुझे क्लिक कर रहे हैं। किस दुनिया में ऐसा किसी के साथ करना ठीक है?'

आलिया ने आगे लिखा, 'क्या ये करने की इजाजत किसी को भी आसानी से मिल सकती है? क्या ये किसी की प्राइवेसी को खराब करना नहीं है? एक लाइन होती है, जिसे आप क्रॉस नहीं कर सकते हैं। और मेरे लिए ये कहना एकदम सेफ रहेगा कि आपने सारी लाइनें क्रॉस कर दी हैं।' इसके साथ ही आलिया ने मदद के लिए मुंबई पुलिस को भी टैग किया।

### सेलेब्स ने किया आलिया का सपोर्ट

आलिया के इस पोस्ट को देखने के बाद उनकी बहन शाहीन भट्ट, अर्जुन कपूर, अनुष्का शर्मा, करण जौहर, स्वरा भास्कर और जाह्नवी कपूर समेत कई सेलेब्स ने भी मीडिया के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया।

### अर्जुन ने इस घटना को बताया शर्मनाक

अर्जुन कपूर ने लिखा, 'एकदम शर्मनाक। ये एक ऐसी चीज हुई है, जहां हर लिमिट को क्रॉस किया गया है। एक महिला अपने खुद के घर तक में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है, जो भी लोग एक पब्लिक फिगर की तस्वीरें निकालते हैं, क्या उनका ये लिमिट क्रॉस करना सही है? इन्हीं लोगों पर हम भरोसा करते हैं और सोचते हैं कि ये फोटो ले रहे हैं, क्योंकि ये इनका काम है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कोई महिला को असुरक्षित महसूस कराने लगेगा और किसी की प्राइवेसी भंग करने की कोशिश में जुट जाएगा। ये किसी को देखना नहीं, बल्कि किसी महिला को स्टॉक करना है मुंबई पुलिस।'

### हमारे मना करने के बाद भी इन लोगों ने हमारी बेटी की फोटोज भी पोस्ट की थी

अनुष्का ने आलिया का सपोर्ट करते हुए लिखा, 'ऐसा ये लोग पहली बार नहीं कर रहे हैं। करीब दो साल पहले हम लोगों ने भी इनकी इसी रीजन की वजह से क्लास लगाई थी। क्या आपको लगता है कि ये सब करके आप लोग इज्जत हासिल कर लोगे? ये एकदम शर्मनाक हरकत है। यही वो लोग हैं, जिन्होंने हमारी बेटी की तस्वीरें पोस्ट की थीं, जबकि हम लोगों ने मना किया था और प्राइवेसी की रिस्पेक्ट करने को कहा था।'



# अडाणी ग्रुप के सभी शेयरों में गिरावट



एजेंसी/ मुंबई

कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते आज यानी बुधवार (22 फरवरी 23) को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 927 अंक टूटकर 59,744 पर आ गया। निफ्टी भी 272 अंक नीचे 17,554 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार की बिकवाली में बैंकिंग, मेटल और IT स्टॉक्स सबसे आगे रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट रही। अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में गिरावट रही। फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 11.05% टूटकर 1397 रुपए पर बंद हुआ। अडाणी पोर्ट्स भी 7.24% फिसलकर 541 रुपए पर आ गया। अडाणी पावर, ट्रांसमिशन, ग्रीन एनर्जी, टोटल गैस, विल्मर, एनडीटीवी, ACC और अंबुजा सीमेंट में करीब 5-5% की गिरावट रही।

### ग्रुप का मार्केट कैप 8 लाख करोड़ रुपे से नीचे पहुंचा

शेयरों में लगातार गिरावट के चलते अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप 8 लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया है। मंगलवार को, ग्रुप के 10 शेयरों का कंबाइन्ड मार्केट कैप 8,09,182 करोड़ रुपए था। वहीं 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने से पहले ग्रुप का एम कैप 19.19 लाख करोड़ था।

इतना ही नहीं, फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक गौतम अडाणी की नेटवर्थ सिर्फ 43.4 बिलियन डॉलर रह गई है। अडाणी को बीते 24 घंटे में 3.3 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 26वें नंबर पर आ गए हैं।

### अडाणी ग्रुप ने एसबीआई का 1,500 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाया

इस बीच, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के असर को कम करने और निवेशकों का भरोसा कायम रखने के लिए अडाणी ग्रुप अब अलग रणनीति पर काम कर रहा है। ग्रुप अब अपना पूरा फोकस कर्ज के भुगतान और कैश बचाने पर कर रहा है। इसके साथ ही ग्रुप ने अपनी विस्तार योजनाओं पर ब्रेक लगाने का फैसला भी किया है। इसका ताजा उदाहरण पीटीसी इंडिया डील से कदम पीछे खींचना है। सोमवार को ही ग्रुप की ओर से जारी एक बयान में जानकारी शेयर की गई थी कि अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (APSEZ) ने SBI का 1,500 करोड़ रुपए का कर्ज चुका दिया है।

### निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 2.64% टूटा

NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 2.64% टूटा है। पीएसयू बैंक इंडेक्स में 1.91% और प्राइवेट बैंक में 1.68% की गिरावट रही। निफ्टी बैंक इंडेक्स 1.67% नीचे बंद हुआ। मीडिया और रियल्टी भी 1.5% से ज्यादा गिरे हैं। वहीं ऑटो और आईटी में 1% से ज्यादा की गिरावट देखी गई। फार्मा और एफएमसीजी 0.3% के करीब गिरे हैं।

### अमेरिकी बाजार में भी गिरावट

मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में भी गिरावट देखने को मिली। बाजार यूएस फेड की एक और बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर अलर्ट है। डाउ जोन्स में 697 अंक या 2.06% गिरावट रही और यह 33,129 के लेवल पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 81.75 अंक या 2% टूटकर 3,997 के लेवल पर बंद हुआ। नैस्डेक में 294 अंकों या 2.5% की कमजोरी आई। यह 11,492 के लेवल पर बंद हुआ।

### मंगलवार को 18 अंक नीचे बंद हुआ था सेंसेक्स

भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन, यानी मंगलवार (21 फरवरी 23) को भी गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 18 अंक गिरकर 60,672 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 17 अंकों की गिरावट रही। यह 17,826 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार दूसरे दिन मार्केट में यह गिरावट आई थी। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयरों में गिरावट और 13 में तेजी रही।

# अंतरिक्ष में महिला रोबोट ‘व्योममित्र’ अगले साल लॉन्च होगा



एजेंसी/ नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत का सबसे अच्छा उदाहरण होगा। यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में 10,000 करोड़ रुपये की लागत से गगनयान मिशन की घोषणा की थी।

इसरो इस साल के आखिर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इसरो अपने पहले ह्यूमन स्पेस-फ्लाइट मिशन 'गगनयान' के तहत साल के आखिर में दो प्रारंभिक मिशन लॉन्च करेगा। इसके अगले चरण में 2024 में देश का पहला मानव अंतरिक्ष-उड़ान मिशन लॉन्च किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत का सबसे अच्छा उदाहरण होगा। यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में 10,000 करोड़ रुपये की लागत से गगनयान मिशन की घोषणा की थी।

### साल के आखिर में लॉन्च होंगे दो मिशन

केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि इस साल के आखिर में गगनयान कार्यक्रम के तहत दो शुरुआती मिशन लॉन्च किए जाएंगे। पहला मिशन पूरी तरह से मानव रहित होगा, जबकि दूसरे में 'व्योममित्र' नाम की एक महिला रोबोट भेजी जाएगी। ये दोनों मिशन प्रक्रिया को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन मिशनों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गगनयान रॉकेट उसी रास्ते से सुरक्षित लौट आए, जिस रास्ते से उसने उड़ान भरी थी। इस मिशन के अगले हिस्से के रूप में 2024 में देश का पहला मानव अंतरिक्ष-उड़ान मिशन लॉन्च किया जाएगा। जिससे भारतीय मूल का व्यक्ति अंतरिक्ष जाएगा। इस दौरान उन्होंने राकेश शर्मा का जिक्र भी किया, जो कि पहले ही अंतरिक्ष में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राकेश शर्मा जिस मिशन के तहत अंतरिक्ष गए थे, वह मिशन सोवियत रूस ने लॉन्च किया था। जबकि गगनयान एक भारतीय मिशन है।

# यूजर्स को अब ट्विटर अकाउंट सिक्योर करने के लिए देने होंगे पैसे

एजेंसी/ नई दिल्ली

ट्विटर ने टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) मेथड को लेकर एक नई अनाउंसमेंट की है। शुक्रवार को ट्विटर ने कहा कि अब वो केवल अपने पेड सब्सक्राइबर्स को ही अकाउंट्स को सिक्योर करने के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन मेथड के तहत टेक्स्ट मैसेजेस को यूज करने की परमिशन देगा।

### 20 मार्च से ब्लू सब्सक्राइबर ही कर पाएंगे 2FA का यूज

कंपनी ने ट्वीट कर लिखा, '20 मार्च के बाद से केवल ट्विटर ब्लू सब्सक्राइबर ही टेक्स्ट मैसेजेस को अपने टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) मेथड के तौर पर यूज कर पाएंगे।'

टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के जरिए अकाउंट्स को ज्यादा सिक्योर बनाने के लिए अकाउंट होल्डर को पासवर्ड के अलावा सेकेंड ऑथेंटिकेशन मेथड का यूज करने को मिलता है। ट्विटर अभी टेक्स्ट मैसेज, ऑथेंटिकेशन ऐप और एक सिक्योरिटी-की के जरिए 2FA की परमिशन देता है।

### 11 डॉलर में मिलेगा ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन

इससे पहले कंपनी ने बुधवार को ब्लॉग पोस्ट में कहा था कि उसका मानना है कि फोन-नंबर-बेस्ड 2FA का हैकर्स द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने हाल ही में एक यूजर के ट्वीट का रिप्लाई करते हुए कहा था कि कंपनी ने अपनी पॉलिसी बदल दी है। पिछले महीने ट्विटर ने कहा था कि वह एंड्रॉयड के लिए ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन की कीमत 11 डॉलर (910 रुपए) प्रति माह रखेगी, जो कि iOS सब्सक्राइबर्स के लिए भी है।

### पहले फ्री में मिलता था ट्विटर का ब्लू चेक मार्क

ट्विटर में पहले ब्लू चेक मार्क पॉलिटिशियंस, फेमस पर्सनालिटीज, जर्नलिस्ट्स और अन्य पब्लिक फिगर्स के वेरिफाइड अकाउंट के लिए फ्री था। अब कोई भी यूजर पैसा देकर ट्विटर का ब्लू सब्सक्रिप्शन खरीद सकता है, जिसमें उसे चेक मार्क मिल जाएगा।

### भारत में इतनी है ट्विटर के ब्लू सब्सक्रिप्शन की कीमत

बता दें कि मस्क 2023 के अंत तक ट्विटर को फाइनेंशियल रूप से मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन जैसी कुछ सर्विस को मॉडिफाई भी किया है। भारत में वेब यूजर्स के लिए इस सर्विस का मंथली सब्सक्रिप्शन 650 रुपए का है।

# होंडा ने शुरू की फेसलिफ्ट सेडान कार सिटी की बुकिंग

एजेंसी/ नई दिल्ली

होंडा की ओर से सेडान कार सिटी के फेसलिफ्ट वर्जन के लिए बुकिंग को शुरू कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी की ओर से इस कार को कब तक लॉन्च किया जा सकता है। आइए जानते हैं। जापानी कार कंपनी होंडा की ओर से प्रीमियम मिड साइज सेडान कार सिटी का नया वर्जन जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होंडा के कई डीलर्स के पास नई सिटी के लिए बुकिंग भी शुरू हो गई है। हम इस खबर में कार में मिलने वाले संभावित फीचर्स और इसे कब तक लॉन्च किया जाएगा, इसकी जानकारी दे रहे हैं।

### शुरू हुई बुकिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होंडा की ओर से नई सिटी के लिए बुकिंग शुरू हो गई हैं। कुछ डीलर्स के पास कार के लिए ऑफलाइन मोड में बुकिंग हो रही हैं। जानकारी के मुताबिक पांच हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक में कार के लिए एडवांस बुकिंग हो रही है। हालांकि अभी कंपनी की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### जल्द होगी लॉन्च

कंपनी की ओर से कार को जल्द लॉन्च करने की तैयारी हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि होंडा की नई कार को दो मार्च को लॉन्च किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने पहले ही इस कार की टेस्टिंग भी की है। इसके अलावा टपुकारा मैन्युफेक्चरिंग प्लांट में कुछ समय पहले इसके पार्ट्स पहुंचने शुरू हो गए थे।




### होंगे ये बदलाव

नई सिटी में कंपनी की ओर से कुछ नए फीचर्स को भी जोड़ा जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई सिटी में कुछ कॉस्मैटिक और मैकेनिकल बदलाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि इसके इंजन में किसी तरह के बदलाव की संभावना काफी कम है। बदलाव की बात करें तो इसमें बड़ी ब्लैक ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स, ट्विक्ड टेललैंप, नए और अपडेटिड फॉग लैंप जैसी चीजें देखने को मिल सकती हैं। वहीं इंटीरियर में कार की सीटों को वेंटिलेटिड किया जा सकता है और नई सिटी में वायरलेस चार्जर भी दिया जा सकता है। इसके अलावा इंटीरियर में भी ज्यादा बदलाव नहीं होने की उम्मीद है।

### कितनी होगी कीमत

कंपनी की ओर से अभी इस कार के लॉन्च और अन्य जानकारियों को साझा नहीं किया गया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इसकी शुरुआती एक्स शोरुम कीमत 12 से 13 लाख रुपये के आस-पास हो सकती है।

### मौजूदा पोर्टफोलियो में हैं ये कारें

होंडा मौजूदा समय में भारतीय बाजार में सिटी ई: एचईवी (हाइब्रिड), सिटी (पांचवीं पीढ़ी और चौथी पीढ़ी), अमेज, डब्ल्यूआर-वी और जैज जैसी कारों की बिक्री करती है। एक अप्रैल 2023 से रियल ड्राइविंग एमिशन से संबंधित मानदंडों के लागू होने से पहले कंपनी पांचवीं पीढ़ी के सिटी डीजल, चौथी पीढ़ी की सिटी, डब्ल्यूआर-वी और जैज की बिक्री बंद कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक : मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
(सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)